प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. **आंतकी संगठन अलकायदा के चार संदिग्धों के साथ फिर रांची पहुंची दिल्ली पुलिस, नकटा पहाड़ पर आंतकवादियों के प्रशिक्षण स्थल का किया निरीक्षण, हथियारों की भी तलाश की गयी।**

2. **सीबीआई ने दस लाख रुपये घूसखोरी मामले में दर्ज करायी प्राथमिकी, पटना–धनबाद प्रक्षेत्र के निलंबित प्रधान आयकर आयुक्त समेत 12 लोगों को बनाया आरोपी।**

3. **झारखंड हाईकोर्ट ने जिला अदालतों की सुरक्षा पर राज्य सरकार से मांगा जवाब, मौलिक सुविधाओं पर भी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश, अगली सुनवाई 19 सितंबर को।**

4. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से की मुलाकात, इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग पर चर्चा।**

और

5. **पेरिस पैरालिंपिक में भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन जारी, छठे दिन पांच पदक जीते, तीरंदाजी समेत कई स्पर्द्धाओं में आज भी करेंगे चुनौती पेश।**

****

आतंकी संगठन अलकायदा से जुड़े चार संदिग्धों के साथ एक बार फिर दिल्ली पुलिस रांची पहुंची है। दिल्ली पुलिस की टीम ने चान्हों प्रखंड के नकटा पहाड़ का भौतिक नरीक्षण किया। बताया जाता है कि डा. इश्तियाक अहमद ने इसी पहाड़ पर आंतकी प्रशिक्षण शिविर चलाया था। झारखंड एटीएस के साथ पहुंची दिल्ली पुलिस ने इस दौरान ट्रेनिंग से जुड़े साक्ष्य भी जुटाये और हथियारों की भी तलाश की। गौरतलब है कि दिल्ली एटीएस ने 22 अगस्त को रांची, लोहरदगा और हजारीबाग में छापेमारी कर डा. इश्तियाक अहमद समेत आठ संदिग्धों को हिरासत में लिया था।

****

दिल्ली सीबीआई की एंटी करप्शन टीम ने 10 लाख रुपये की घूसखोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी में पटना–धनबाद प्रक्षेत्र के निलंबित प्रधान आयकर आयुक्त संतोष कुमार समेत 12 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। इनमें दो इनकम टैक्स ऑफिसर, दो बिल्डर, तीन कोयला कारोबारी, डाक्टर, सीए और बिचौलिये शामिल हैं। सीबीआई ने प्राथमिकी में बताया है कि जमशेदपुर के एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक कौशल सिंह को चार करोड़ रुपये का रिफंड जारी करने के लिए प्रधान आयकर आयुक्त ने घूस में अपने बेटे के नाम पर 1 करोड़ 25 लाख रुपये की अचल संपत्ति ली।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने जिला अदालतों की सुरक्षा और मौलिक सुविधाओं पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। इस मामले में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायाधीश एके राय की अदालत ने सरकार से पूछा पूर्व में अदालत द्वारा दिये गये निर्देशों का कितना पालन हुआ है। अदालत ने यह भी जानना चाहा कि जिला अदालतों में मौलिक सुविधाएं कब तक उपलब्ध करा दी जायेगी। इस मामले की अगली सुनवाई 19 सितंबर को होगी।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक और शैक्षणिक विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता। मुंबई में महाराष्ट्र विधान परिषद के शताब्दी समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाएं देश की आधी आबादी हैं और देश को आगे ले जाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उनकी भागीदारी आवश्यक है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। माना जा रहा है कि इस मुलाकात में झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर गठबंधन के बीच सीट शेयरिंग के फार्मूले पर चर्चा हुई। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री सोरेन ने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी झामुमो गठबंधन को पूर्ण बहुमत प्राप्त होगा।

****

गुमला जिले के पीवीटीजी समूह को केन्द्र सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान कार्ड से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष पहल की जा रही है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

राज्य के वरिष्ठ आइएएस अधिकारी मनीष रंजन को नेशनल अवार्ड फॉर ई–गवर्नेंस से सम्मानित किया गया है। मुम्बई में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग और इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री रंजन को झार जल योजना को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए यह सम्मान दिया गया।

****

पेरिस पैरालिंपिक के छठे दिन भारत ने 5 पदक जीते। दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी–ट्वेंटी दौड़ में कांस्य पदक जीता, वहीं शरद कुमार ने रजत और मरियप्पन थंगावेलु ने पुरुषों की ऊंची कूद में कांस्य पदक जीता। पुरुषों की भाला फेंक में भारत ने अजीत सिंह के रजत और सुंदर गुर्जर के कांस्य के साथ दो पदक जीते। सातवें दिन आज भारतीय दल कई प्रतिस्प ।र्धाओं में भाग लेगा। एक रिपोर्ट–

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित प्रमुख अखबारों ने हेमन्त सोरेन के राहुल और खरगे से मिलने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर और हिन्दुस्तान लिखता है– राहुल और खरगे से मिले हेमन्त, कहा मजबूती से लड़ेंगे चुनाव, जीतेंगे भी।
दैनिक भास्कर ने लिखा है– अलकायदा के 4 संदिग्ध आतंकियो को लेकर चान्हो पहुंची दिल्ली पुलिस, फील्ड वेरिफिकेशन कराया, ट्रेनिंग सेन्टर की जमीन भी देखने गई।
दैनिक जागरण ने झार जल योजना के लिए आइएएस डॉक्टर मनीष रंजन को सम्मानित करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
रांची एक्सप्रेस ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के दिल्ली के कनॉट प्लेस में झारखंड भवन का उद्घाटन करने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।
अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स के शब्द हैं– एक्साइज भर्ती के दौरान मृत अभ्यर्थी के परिवार से मिले मरांडी, दिये एक लाख।
द टाइम्स ऑफ इंडिया ने राहुल और खरगे से हेमन्त सोरेन के मिलने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**********समाप्त************